आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. कोलकाता में अट्ठारह हजार सात सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा पश्चिम बंगाल में महाजंगलराज जल्द खत्म होगा।
2. एल पी जी से लदे दो भारतीय जहाज शिवालिक और नंदादेवी ने हार्मुज जलडमरूमध्य सुरक्षित पार किया।
3. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उपराज्यपाल ने अपने संदेश में डिजिटल बाजार के दौर में उपभोक्ता जागरूकता और उत्पाद सुरक्षा को बेहद आवश्यक बताया।
4. भारत की एकमात्र सक्रिय ज्वालमुखी बैरन द्वीप पर पर्यटन विभाग की पहल से पर्यटन प्रशिक्षुओं ने शैक्षणिक दौरा किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के कोलकाता में लगभग 18 हजार सात सौ करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 420 किलोमीटर से अधिक की कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, जहाजरानी और बंदरगाह संबंधी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल पश्चिम बंगाल राज्य बल्कि पूरे पूर्वी क्षेत्र के विकास को एक नई गति प्रदान करेंगी। इसके बाद, प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली में राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना आधार बढ़ाने के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल्द ही महाजंगलराज खत्म हो जाएगा। श्री मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को बंगाल के अस्तित्व और आत्मा की रक्षा की लड़ाई बताया। श्री मोदी ने सांप्रदायिक समीकरणों पर मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए उन्हें असंवैधानिक और निंदनीय बताया।

<><><><><><><>

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज़ शिवालिक और नंदादेवी ने कल तड़के होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। इनमें करीब बानबे हजार सात सौ मीट्रिक टन

एलपीजी है और दोनों जहाजों का आगमन पोर्ट मुंद्रा और कांडला में होगा और उनकी अपेक्षित आगमन सोलह और सत्रह मार्च को होगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है। सचिव ने बताया कि उनतीस राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है। विदेश मंत्रालय में खाड़ी क्षेत्र के अपर सचिव असीम महाजन ने बताया कि अब तक पश्चिम एशिया क्षेत्र से करीब पौने दो लाख भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं। वहीं उड़ान की स्थिति और हवाई क्षेत्र की बात करें तो, अटठाईस फरवरी के बाद से, लगभग एक लाख बहत्तर हजार यात्री भारत लौट चुके हैं और भारत के विभिन्न हवाई अड्डों के अधिक उड़ानों से जुड़ने से हवाई संपर्क लगातार बेहतर हो रहा है। ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से उड़ानें संचालित की जा रही हैं।

<><><><><><><>

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए लोगों को शुभकामनाएँ दीं हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय "सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता" आज के तेजी से बदलते और डिजिटल रूप से संचालित बाजार के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों और घर तक डिलीवरी सेवाओं के तेज़ी से विस्तार ने उपभोक्ताओं के लिए वस्तुओं और सेवाओं तक पहुँचने के तरीके को काफी बदल दिया है। इससे जहाँ उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और विकल्प प्राप्त हुए हैं, वहीं बाजार में उत्पादों की सुरक्षा, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय द्वारा 12 दिवसीय टूर गाइड एवं इको टूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 100 प्रशिक्षुओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 20 मार्च तक भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को अंडमान–निकोबार द्वीप समूह स्थित भू–धरोहर स्थल बैरन द्वीप ले जाया गया, जो भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को भू–धरोहर की व्याख्या, समुद्री पर्यटन और

क्रूज आधारित दर्शनीय पर्यटन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान आई आई टी टी एम के संसाधन विशेषज्ञ डॉ. स्वजन श्रीयन और डॉ. एन. सुब्रमण्यम ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया।

<><><><><><><>

पर्यावरणीय सत्तता को बढ़ावा देने तथा द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता के संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा कल वंडूर ग्राम पंचायत के अंतर्गत वंडूर समुद्र तट पर लोगों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया तथा "अवर आइलैंड्स, अवर रिस्पॉन्सिबिलिटी" का संदेश देते हुए स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस पहल को ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों तथा अंडमान–निकोबार प्रशासन के अन्य विभागों का सहयोग प्राप्त हुआ। स्वच्छता अभियान के दौरान वंडूर समुद्र तट के पूरे क्षेत्र से संचित कचरे को हटाया गया। इस दौरान प्लास्टिक और कांच की बोतलें, थर्मोकोल के टुकड़े, टिन के डिब्बे, डिस्पोजेबल प्लेट व कप सहित अन्य अविघटनीय अपशिष्ट के कुल 25 से 30 बोरे एकत्र किए गए, जिन्हें उचित निपटान के लिए संबंधित अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सौंप दिया गया। अभियान में पर्यटन निदेशक विनायक चामडिया, एसडीएम कमलेश्वर राव, ग्रामीण विकास निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा तथा संयुक्त निदेशक पर्यटन अनीता यादव सहित विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवक और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत कोलकाता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर स्थित उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ने अंडमान एवं निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल सर्किट बेंच परिसर, पोर्ट ब्लेयर में किया। लोक अदालत पीठ की अध्यक्षता कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा पोर्ट ब्लेयर स्थित सर्किट बेंच के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने की। उनके साथ अधिवक्ता मोहम्मद तबरेज़ ने पीठ के सदस्य के रूप में सहयोग किया। लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान कुल आठ मामलों को विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। इनमें से तीन मामलों का आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण निपटारा किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सरल और किफायती न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।

<><><><><><><>